भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +1123

सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में थीम आधारित सर्किट का विकास

+1123. श्री अनुभव मोहंती:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास पिछले दो वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम-आधारित सर्किट विशेषकर पारिस्थितिकी-पर्यटन (इको-टूरिज्म) सर्किट विकसित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो इस प्रस्ताव की स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार इको-पर्यटन सर्किट बनाने के प्रति गंभीर है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) इन पर्यटन सर्किटों को कब तक मंजूरी दिये जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ): पर्यटन के विकास का मुख्य रूप से दायित्व सम्बन्धित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का है। हालांकि, ओडिशा सहित देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना आरम्भ की है। योजना के तहत ईको पर्यटन परिपथ सहित 15 थीमेटिक परिपथों को विकास हेतु अभिज्ञात किया गया है। इस योजना के तहत नई परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है। योजना के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तटीय परिपथ थीम के तहत 2016 में ओडिशा राज्य में 70.82 करोड़ रु की राशि से गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और ताम्पारा के विकास के लिए एक परियोजना को मंजूरी दी है।

देश में स्वदेश दर्शन योजना के ईको-पर्यटन परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है।

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**
1.	उत्तराखंड	(2015-16)	टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सरैन में परिपथ का विकास।
2.	तेलंगाना	(2015-16)	महबूबनगर जिले (सोमसिला, सिंगोटम, कडलाईवनम, अक्कमहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास
3.	केरल	(2015-16)	पथानामथिट्टा- गावी- वागामोन-थेक्कडी का विकास
4.	मिजोरम	(2016-17)	आइजोल-रॉपुइचिप-खावफावप-लेंगपुई- डर्टलांग चटलांग- सकवरहमुइतुएतलांग- मुथी- बेरातलांग- तुइरियल एयरफील्ड- हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास
5.	मध्य प्रदेश	(2017-18)	गांधीसागर बांध- मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध-बरगी बांध- भेड़ाघाट-बाणसागर बांध- केन नदी का विकास।
6.	झारखंड	(2018-19)	दलमा - चांडिल- गेतालसूद- बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट का विकास

****